# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 09 जनवरी 2024

## सीमा सुरक्षा बल द्वारा भारत–बांग्लादेश अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र के युवतियों के लिए भर्ती–पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन ।

1. सीमा सुरक्षा बल न केवल देश की सामाओं की सुरक्षा करने बल्कि सीमावर्ती आबादी के उत्थान के लिये अपनी अटूट प्रतिबद्धता में गुवाहाटी फ्रंटियर के अन्तर्गत भारत–बांग्लादेश अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती जिला धुबरी (असम) के युवतियों के लिये 31वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा सीमांत चेतना मंच, पूर्वोत्तर के सहयोग से गोलक गंज स्टेडियम में भर्ती–पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है ।

2. ज्ञातव्य है कि स्थानीय युवाओं की क्षमता और राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में उनके महत्व को पहचानते हुए सीमा सुरक्षा बल गुवाहाटी फ्रंटियर के अन्तर्गत 31वीं वाहिनी द्वारा विशेष कर सीमावर्ती क्षेत्र के युवतियों के लिये दिनांक 07 से 10 जनवरी तक भर्ती–पूर्व व्यापक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है । उक्त प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभावान युवतियों को अनुभवी अधिकारियों तथा योग्य महिला प्रशिक्षकों द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र बलों, सेना और राज्य पुलिस में भर्ती हेतु लिखित परीक्षा एवं शारीरिक परीक्षण से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है ।

3. उक्त प्रशिक्षण में सीमावर्ती क्षेत्र के कुल 115 युवतियों को भर्ती–पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय युवतियों के केन्द्रीय सशस्त्र बलों, सेनाओं एवं राज्य पुलिस में शामिल होकर देश की बहुमूल्य सेवा में योगदान करने के सपनो को साकार करना है । सीमावर्ती आबादी की क्षमता को बढ़ावा देने अैर देश के भविष्य का उत्थान करने के लिए सीमा सुरक्षा बल सदैव प्रतिबद्ध एवं दृढ़प्रतिज्ञ है ।

पीआरओ

सीमा सुरक्षा बल, गुवाहाटी

Mobile Number :+ 919366572209

Email ID : pro.bsfguwahati.ftr.@gmail.com